# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025, आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी | UAN: RJ210011677 | website: www.reporttimes.in


**क्राइम खबर** दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन

## गैंगस्टर नीरज बवाना का पिता गिरफ्तार, 50 लाख कैश और सवा किलो सोना बरामद



दिल्ली पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, बवाना के पिता की गिरफ्तारी

**दिल्ली पुलिस ने 39 ठिकानों पर छापेमारी कर 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

एजेंसी. दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना के पिता प्रेम सिंह को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली के आउटर नॉर्थ पुलिस ने पूरी रात में दर्जनों जगह पर छापेमारी की। करीब 39 जगहों पर आउटर नॉर्थ जिला पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने करीब 50 लाख रुपये नकद, सवा किलो सोना, बुलेटप्रूफ स्कॉर्पियो, चार कट्टे और कई जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दिल्ली पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में संगठित अपराध की कमर तोड़ने के लिए 18 सितंबर की रात बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान दिल्ली, सोनीपत, सांपला, झज्जर, रोहतक और बहादुरगढ़ में एक साथ 39 ठिकानों पर दबिश दी गई।

# चिड़ावा में देर रात भीषण सड़क हादसा

## हादसे में बाइक सवार बुहाना निवासी दो युवकों की मौत





आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।

चिड़ावा। शहर के ओजटू पिलानी बाईपास पर मंड्रेला चौराहा सर्किल पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार स्लीपर बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। यह घटना रात करीब 11:15 बजे की है। जयपुर से जम्मू जा रही एक निजी स्लीपर बस पिलानी की ओर जा रही थी। तभी चिड़ावा के मंड्रेला बाईपास चौराहे पर अचानक एक बाइक सामने आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवारों ने अचानक अपनी बाइक को मंड्रेला रोड की तरफ मोड़ दिया, जिससे वे सीधे बस के सामने आ गए। बस चालक ने बाइक सवारों को बचाने की भरसक कोशिश की, जिसके कारण बस के टायर करीब 70 फीट तक घिसटते रहे, लेकिन रफ्तार अधिक होने के कारण टक्कर हो ही गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह से बस के नीचे घुस गई। हादसे के बाद बस भी अनियंत्रित होकर पलटते-पलटते बची। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस के चालक बंटी नूनिया और ईएमटी सतीश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान विक्रम सिंह (24) और धर्मवीर (24) निवासी बुहाना के रूप में हुई। दूसरे युवक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। दोनों शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के समय बस में 30 से ज़्यादा यात्री सवार थे, जिनमें अचानक हुए इस हादसे से अफरा-तफरी मच गई।





## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन लेने की तैयारी में ICC

### UAE के खिलाफ मैच से पहले किया था हाईवोल्टेज ड्रामा

एजेंसी. दुबई। पाकिस्तान और यूएई के बीच 17 सितंबर को टी20 एशिया कप 2025 में मुकाबला खेला गया था, जिसमें पाकिस्तानी टीम ने 41 रनों से जीत दर्ज की थी। लेकिन इस मैच से पहले पाकिस्तान की तरफ से खूब ड्रामा किया गया। तय समय तक पाकिस्तानी टीम होटल से नहीं निकली और वहां पर ही बैठी रही। पाकिस्तान की तरफ से मांग की गई थी कि मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को एशिया कप से हटाया जाए। लेकिन आईसीसी ने उनकी मांग स्वीकार नहीं की थी। इसके बाद पाकिस्तानी टीम मैच खेलने के लिए ग्राउंड में भी आ गई। अब आईसीसी पाकिस्तान के ऊपर एक्शन लेने की तैयारी कर रहा है।

PMOA के नियमों का हुआ उल्लंघन : आईसीसी ने बुधवार को हुए मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को एक ईमेल भेजा है जिसमें 'गलत आचरण', प्लेयर्स और मैच ऑफिशियल के एरिया (PMOA) प्रोटोकॉल के 'कई उल्लंघनों' का हवाला दिया गया है। टूर्नामेंट से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीसीबी को पत्र लिखकर कहा है कि बोर्ड मैच के दिन PMOA के नियमों के बार-बार उल्लंघन का दोषी है। पीसीबी को ईमेल मिल गया है।

PCB ने बैठक में मीडिया मैनेजर को बुलाया : पता चला है कि कई चेतावनियों के बावजूद पाकिस्तान ने मीडिया मैनेजर नईम गिलानी को टॉस से पहले पायक्रॉफ्ट, उसके मुख्य कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान अली आगा के बीच हुई बैठक को फिल्माने की अनुमति देकर नियमों का उल्लंघन किया। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि मीडिया मैनेजर्स को ऐसी बैठकों में शामिल होने की इजाजत नहीं है। सूत्र ने कहा कि इसका उद्देश्य टॉस के समय उत्पन्न होने वाली किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी या गलत संवाद को दूर करना था। पीसीबी अपने मीडिया मैनेजर को बैठक में लाया और जोर देकर कहा कि वह बातचीत के दौरान मौजूद रहेंगे।

आईसीसी ने जताई आपत्ति : मीडिया मैनेजर को आईसीसी के भ्रष्टाचार निरोधक प्रबंधक ने प्रवेश देने से मना कर दिया क्योंकि वह अपना मोबाइल फोन PMOA में ले जाना चाहते थे जिस पर कड़ा नियंत्रण है। सूत्र ने बताया कि पीसीबी ने मीडिया मैनेजर को बैठक के दौरान उपस्थित नहीं रहने देने पर मैच से हटने की धमकी दी और फिर बातचीत को (बिना ऑडियो के) फिल्माने पर जोर दिया, जो PMOA नियमों का एक और उल्लंघन था। आईसीसी को यह भी नहीं बताया गया कि पीसीबी फिल्माए गए फुटेज का उपयोग कैसे करने की योजना बना रहा है। आईसीसी ने पीसीबी की उस प्रेस रिलीज पर भी आपत्ति जताई है जिसमें दावा किया गया था कि पायक्रॉफ्ट ने 'माफी मांगी' है जबकि वास्तव में उन्होंने केवल एक गलत संचार पर खेद व्यक्त किया था।



## डोनाल्ड ट्रंप के बदले सुर, बोले- 'भारत और PM मोदी मेरे बहुत करीब

### ट्रंप ने कहा - 'हमारे बीच है अच्छी दोस्ती'

एजेंसी. लंदन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुर बदले-बदले नजर आ रहे हैं। ट्रंप इस समय ब्रिटेन की यात्रा पर हैं। यात्रा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि वह भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद करीब हैं। ट्रंप ने कहा, "मैं भारत और पीएम मोदी के बेहद करीब हूं, हमारे बीच बहुत अच्छी दोस्ती है।" ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब उन्होंने यूरोप की धरती पर खड़े होकर रूसी तेल खरीदने के लिए यूरोपीय देशों की आलोचना की है।

ट्रंप ने की यूरोपीय देशों की आलोचना : ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बगल में खड़े ट्रंप ने तर्क दिया कि अगर यूरोप ऐसे ही रूस से तेल खरीदता रहता है तो यह मॉस्को को अलग-थलग करने के प्रयासों को कमजोर करता है। ट्रंप ने यूरोपीय देशों की आलोचना करते हुए कहा, "मुझे जानकारी है कि यूरोपीय देश बड़ी मात्रा में रूस से तेल खरीद रहे हैं और जैसा कि आप जानते हैं कि मैं भारत के प्रधानमंत्री मोदी और भारत के बहुत करीब हूं। मैंने पिछले दिनों उनसे बात की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेकिन, आप जानते हैं कि मैंने उन पर भी टैरिफ लगाए हैं।"

ट्रंप ने आगे कहा, "इस समय चीन भी अमेरिका को बड़ी मात्रा में टैरिफ दे रहा है। मैं और भी चीजें करने के लिए तैयार हूं...लेकिन तब नहीं जिनके (यूरोपीय देशों) लिए मैं लड़ रहा हूं, वही रूस से तेल खरीद रहे हैं। अगर तेल की कीमतें कम होती हैं तो रूस आसानी से समझौता कर लेगा।

कम हो सकता है टैरिफ : भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर जारी तनाव में अब कमी की उम्मीद भी की जा सकती है। अमेरिका जल्द ही भारत पर लगाए गए टैरिफ को वापस ले सकता है। गुरुवार को भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर वी अनंत नागेश्वरन ने बताया कि कुछ आयातों पर लगाया गया शुल्क 30 नवंबर के बाद वापस ले लिया जाएगा।

## पुलिस ने खोया बहादुर पुलिस अधिकारी ASI शेरसिंह फोगाट का हादसे में निधन



सिंघाना। झुंझुनूं पुलिस ने एक बहादुर सहायक उप निरीक्षक (ASI) शेरसिंह फोगाट को खो दिया। वे गाडाखेड़ा चौकी के इंचार्ज थे और उनका निधन बीती रात एक दुखद सड़क हादसे में हो गया। ASI शेरसिंह फोगाट अपने साथी कांस्टेबल के साथ हरियाणा के भैंसली गांव जा रहे थे। उनका मकसद एक मामले में दो आरोपियों को पकड़ना था, जिनके बारे में सूचना मिली थी कि वे अपने गांव में हैं। रात करीब 12:30 बजे, सूरजगढ़-लोहारू रोड पर पुलिस की गाड़ी एक पिकअप से टकरा गई।

इस भीषण टक्कर में शेरसिंह फोगाट गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत रोहतक के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। इस हादसे में उनके साथ गए कांस्टेबल को भी चोटें आई हैं।

झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। झुंझुनूं पुलिस ने एक 'जांबाज' अधिकारी को खो दिया है। उनका यह बलिदान पुलिस महकमे और उनके परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है। शेर सिंह का देर शाम पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

# बल्ली पूजन के साथ रामलीला का मंच निर्माण कार्य शुरू

## 22 सितंबर से शुरू होगी रामलीला

संजय दाधीच, ब्यूरो हेड
रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा



चिड़ावा में साहित्यकार डॉक्टर ओमप्रकाश पचरंगिया मार्ग स्थित डालमियों का नोहरा में रामलीला मंचन के लिए बल्ली पूजन करते अतिथि।

चिड़ावा शहर में रामलीला के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में है। शहर के विवेकानन्द चौक के पास साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश पचरंगिया मार्ग स्थित डालमियों के नोहरे में गुरुवार को रामलीला का मंच निर्माण कार्य का शुभारंभ गणेश, बल्ली और मंच पूजन के साथ हुआ।

बल्ली पूजन कि निभाई परम्परा : पण्डित मोतीलाल शर्मा के सानिध्य में पंडित लीलाधर शर्मा ने सबसे पहले गणेश पूजन करवाया। इस दौरान श्रीरामलीला परिषद के अध्यक्ष प्रमोद अरड़ावतिया, सचिव सुशील पदमपुरिया, कोषाध्यक्ष सुरेश डालमिया, सांस्कृतिक निदेशक महेश शर्मा धन्ना, वरिष्ठ कलाकार मनोहरलाल जांगिड़, बैक स्टेज निदेशक किशोर कुमार नायक, मदन लाल मिस्त्री आदि ने बल्ली पूजन भी किया। मंच निर्माण से पूर्व बल्ली पूजन कि परम्परा रामलीला के वर्षों से जारी है। माना जाता है कि ये बल्लियां ही पूरे मंच का आधार होती है। ऐसे में वास्तु देव के रूप में इनका पूजन सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। बल्ली के मौली बांधी जाती है और स्वास्तिक बनाने के बाद गड्ढे में तेल, मूंग, चावल और शगुन का सिक्का डालने के बाद बल्ली रोपण कि परम्परा निभाई जाती है।

## इंद्र देव को मनाने कि कवायद भी

इसके बाद इंद्र देव की प्रसन्नता के लिए नारियल खेजड़ी के पेड़ पर बंधवाया गया। बाद में विधिवत जय श्री राम के जयकारों के मध्य मंच के लिए पहली बल्ली रोपी गई। इसी के साथ मंच निर्माण का कार्य शुरू हो गया। मंच पूजन के दौरान दौरान सुनील सिंह, लाखन पंवार, सांवरमल गहलोत, सुभाष धाबाई, रवि भारतीय, पंकज वर्मा, अविनाश सेन, कृष्णा सेन सहित बड़ी संख्या में रामलीला के कलाकार और गणमान्यजन मौजूद रहे।

22 सितंबर को होगा लीला मंचन शुरू : ज्ञात रहे कि रामलीला का मंचन 22 सितंबर से शुरू होगा। महेश धन्ना ने बताया कि 22 सितंबर को गणेश पूजन, नारद मोह व रावण जन्म की लीला के साथ मंचन शुरू होगा और 2 अक्टूबर को दशहरे के दिन भव्य जुलूस निकाला जाएगा। इस दिन रावण का विशाल पूतला भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। एकादशी को राम राज्याभिषेक होगा और फिर नाटक मंचन के बाद रामलीला का विधिवत समापन होगा।

## सुप्रीम फाउंडेशन ने भेंट की नोटबुक



राजेंद्र सिंह, रिपोर्ट टाइम्स. बख्तावरपुरा। राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय बख्तावरपुरा में कक्षा 1 से 5 तक अध्यनरत सभी विद्यार्थियों को सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ नागौर के सौजन्य से निशुल्क नोटबुक वितरण किया गया। सुप्रीम फाउंडेशन के जिला कोर्डिनेटर बलबीर शर्मा ने बताया सुप्रीम फाउंडेशन झुंझुनू जिले के राजकीय संस्कृत विद्यालयों में शैक्षणिक उन्नयन की योजना के तहत स्वयंसेवक शिक्षकों को नियुक्त कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसी क्रम में प्रत्येक सत्र में दो बार नोटबुक प्रदान की जाती है जिसके प्रथम फेज में झुंझुनू जिले के 44 राजकीय संस्कृत विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक के नोनिहालो को 5238 हिंदी,अंग्रेजी, गणित विषय की नोटबुक का वितरण किया गया। ट्रस्टी भामाशाह सेठ बजरंग लाल तापड़िया व महावीर प्रसाद तापड़िया का संस्कृति और शिक्षा के योगदान के लिए समस्त जिले वासियों ने सराहना की धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य समन्वयक श्याम बाबु शर्मा के निर्देशन में सुप्रीम फाउंडेशन के कार्यो का संचालन हो रहा है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विजय सिंह शेखावत सहित समस्त स्टाफ ने सुप्रीम फाउंडेशन के ट्रस्टी एंव भामाशाह बजरंग लाल तापड़िया, महावीर प्रसाद तापड़िया, मुख्य समन्वयक श्याम बाबू शर्मा, झुंझुनु जिला कोर्डिनेटर बलबीर शर्मा को धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक आनंद प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सजना, वंदना, स्वयंसेवक पिंकी शर्मा, कुलदीप सैनी, अभिभावकगण सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था ।




## नीट और जेईई के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

### एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने दिया बच्चों को सम्मान

योगेश्वर पचरंगिया, रिपोर्ट टाइम्स मीडिया. चिड़ावा। झुंझुनूं रोड पर स्थित एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के एमडीसीएल फाउंडेशन क्लासेज में हाल ही में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नीट (NEET) और जेईई (JEE) डिवीजनों में आयोजित माइनर और मेजर टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए था। समारोह का शुभारंभ संस्था चेयरमैन सुनील डांगी, मैनेजिंग डायरेक्टर समित डांगी और अन्य प्रबंधन सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान संस्थान के श्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन और छात्रों के समर्पण की सराहना की गई। समारोह में विभिन्न डिवीजनों के टॉप रैंकर्स को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। जेईई डिवीजन 'युरेका' के शीर्ष छात्रों में जतिन सैनी, तनीष अग्रवाल, अरुण, प्रिया सैनी, ऋषभ स्वामी और मयंक यादव शामिल थे। वहीं, नीट डिवीजन 'लाइफलाइन' से रोहित नारनोलिया, निखिल, खुशी और स्नेहा डांगी को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, नीट डिवीजन 'संजीवनी' से राशि नेहरा, लक्षिता, साहिला, इशांत सैनी और पीयूष शर्मा को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए मेडल दिए गए। चेयरमैन सुनील डांगी ने बताया कि एमडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने राजस्थान में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने की अपनी गौरवशाली परंपरा को इस वर्ष भी बरकरार रखा है। उन्होंने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में, मैनेजिंग डायरेक्टर समित डांगी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**पुलिस कार्रवाई** जिलेभर में साइबर अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा

# कई संदिग्धों को अलग - अलग थाना क्षेत्रों पुलिस ने किया अरेस्ट

झुंझुनूं जिले में पुलिस ने विभिन्न आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

**कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं।** साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस ने अभियान के तहत भारत सरकार के साइबर पुलिस पोर्टल पर मिली शिकायतों के आधार पर संदिग्ध बैंक खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन खाताधारकों पर अपने बैंक खाते साइबर अपराधियों को किराए पर देने का आरोप है।

सिंघाना थाना: पुलिस थाना सिंघाना की टीम ने साइबर अपराध में संलिप्त चार संदिग्ध खाताधारकों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में विकास मेघवाल, रोनक जाट, नितेश नेहरा और प्रमेंद्र यादव शामिल हैं।

गोठड़ा थाना: पुलिस थाना गोठड़ा ने दो संदिग्ध खाताधारकों, सुरेंद्र कुमावत और विकास भार्गव को गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर भी साइबर धोखाधड़ी में शामिल होने का आरोप है।

मंडावा थाना: पुलिस थाना मंडावा ने भी एक संदिग्ध खाताधारक विजय कुमार कुमावत को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

मण्ड्रेला थाना: पुलिस थाना मण्ड्रेला ने एक संदिग्ध खाताधारक रोहिताश कुमार को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

खेतड़ीनगर में हत्या के मामले का खुलासा

खेतड़ीनगर में एक व्यक्ति की हत्या कर शव कुएं में डालने के मामले में पुलिस ने 48 घंटे के भीतर एक बाल अपचारी को पकड़ा है। मृतक की पहचान पंकज (उम्र 21 वर्ष) के रूप में हुई, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता राजेंद्र कुमार ने दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को पंकज का शव ढाणी बाढान में एक सूखे कुएं में मिला। पूछताछ में बाल अपचारी ने प्रेम-प्रसंग के चलते हत्या करने की बात स्वीकार की है।

गोठड़ा में सीएलजी और सुरक्षा सखी मीटिंग

आगामी त्योहारों, नवरात्रि और दुर्गाष्टमी के मद्देनजर पुलिस थाना गोठड़ा में सीएलजी (सामुदायिक संपर्क समूह) सदस्यों, सुरक्षा सखी और अन्य गणमान्य नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता थानाधिकारी श्री बनवारी लाल ने की। मीटिंग में सभी सदस्यों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। साथ ही, उन्हें मोबाइल पर आने वाले लालच भरे कॉल और संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई।